## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.08.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने इस वर्ष जून में हुई यूजीसी–नेट परीक्षा के चौरासी विषयों के अनंतिम उत्तर कुंजी जारी कर दिए हैं।
2. भारत संचार निगम लिमिटेड द्वीपसमूह में डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है।
3. राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ने साइबर कुश्ती हैकाथॉन का शुभारंभ किया।
4. पर्यटन निदेशालय में रेज़िंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस पर्यटन पहल के तहत बीस अगस्त तक आवेदन जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने इस वर्ष जून में हुई यूजीसी–नेट परीक्षा के चौरासी विषयों के अनंतिम उत्तर कुंजी जारी कर दिए हैं। उम्मीदवार अट्ठारह अगस्त तक इन उत्तर को चुनौती दे सकते हैं। इसके लिए यूजीसी–नेट पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। प्रत्येक प्रश्न पर आपत्ति के लिए दो सौ रुपये का शुल्क देना होगा। उम्मीदवारों को अपनी आपत्ति के समर्थन में दस्तावेज भी अपलोड करने होंगे। एनटीए ने कहा है कि किसी अन्य माध्यम से भेजी गई आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख भी अट्ठारह अगस्त ही है। एनटीए ने बताया कि अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र विषयों के प्रश्न–पत्रों में संभावित त्रुटियों से जुड़ी शिकायतों की जांच के लिए एक समिति बनाई गई थी। समिति की सिफारिशों के आधार पर इन तीनों विषयों के बारे में अलग से सार्वजनिक सूचना आज जारी की जाएगी। एनटीए ने उम्मीदवारों से केवल अपनी आधिकारिक वेबसाइट और सत्यापित सोशल मीडिया हैंडल पर दी गई जानकारी पर ही भरोसा करने को कहा है।

<><><><><><><>

भारत संचार निगम लिमिटेड द्वीपसमूह में ग्राहक–केंद्रित पहलों और डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, बीएसएनएल दूरदराज़ और भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी विश्वसनीय एवं उच्च गति की कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए दूरसंचार बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रहा है। देशव्यापी स्वतंत्रता दिवस पहलों के तहत, बीएसएनएल ने नए मोबाइल उपभोक्ताओं के लिए 1 रुपये का 'फ्रीडम 2.0 ऑफर' शुरू किया है, जिसमे प्रतिदिन 1 जीबी डेटा, प्रतिदिन 100 एसएमएस, असीमित वॉयस कॉल और 24 दिनों की वैधता दी जा रही है। बीएसएनएल ने एक हजार एक सौ ग्यारह रुपये प्रतिमाह का 'फाइबर फ्रीडम प्लान' भी शुरू किया है। दूरदराज़ और संवेदनशील क्षेत्रों में, जहां पारंपरिक मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं हैं, वहां बीएसएनएल ग्लोबल सैटेलाइट फोन सेवाएं भी उपलब्ध करा रहा है। द्वीपसमूह में बीएसएनएल ने संशोधित भारतनेट कार्य क्रम के तहत उच्च गति की फाइबर कनेक्टिविटी के विस्तार में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है। वर्तमान में यह कार्यक्रम 70 ग्राम पंचायतों को कवर करता है और इसे सात जनजातीय परिषदों तक विस्तारित करने की योजना है।

प्रधानमंत्री की 4जी सेवाओं के विस्तार की पहल के तहत बीएसएनएल ने पचासी नए 4जी टावर स्थापित किए हैं और 70 मौजूदा साइटों को 4जी में उन्नत किया है। कमोर्टा से तरेसा द्वीप को जोड़ने वाली अड़तालीस किलोमीटर से अधिक लंबी ओवर–सी अनलाइसेंस्ड बैंड रेडियो लिंक चालू की गई है। यह लिंक जटिल समुद्री बैकहॉल संबंधी चुनौतियों का समाधान करती है और क्षेत्र में मोबाइल कनेक्टिविटी के मुख्य केंद्र के रूप में कार्य करती है। पत्र सूचना कार्यालय के अनुसार, यूबीआर लिंक के माध्यम से बंगाली गांव स्थित मोबाइल साइट को सक्रिय किया गया है, जबकि बंबूका और कन्हाई में दो अतिरिक्त दूरस्थ साइटों को भी शीघ्र ही इससे जोड़ने की योजना है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ने साइबर कुश्ती–2026 नामक एक राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता हैकाथॉन का शुभारंभ किया है। इसका उद्देश्य साइबर सुरक्षा आकलन में मानवीय निर्णय क्षमता का परीक्षण और उसे मान्यता प्रदान करना है। साइबर कुश्ती के लिए कल शुरु हुआ पंजीकरण 10 सितम्बर तक जारी रहेगा। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया कि इसमें भागीदारी निःशुल्क है और तीन सदस्यीय टीमों में छात्र और स्वतंत्र शोधकर्ता भाग ले सकते हैं। विजेता टीम को 'साइबर केसरी 2026' की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा और उन्हें पारंपरिक गदा भेंट की जाएगी। उप–विजेताओं को 'रुस्तम' और 'पहलवान' की उपाधि से नवाजा जाएगा।

<><><><><><><><>

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी का दो हजार अट्ठारह में आज ही के दिन निधन हुआ था। अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे। उनका पहला कार्यकाल वर्ष उन्नीस सौ छियानब्बे में मात्र तेरह दिनों का था। इसके बाद उन्होंने उन्नीस सौ अट्ठानब्बे से उन्नीस सौ निन्यानब्बे तक करीब ग्यारह महीने प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। वर्ष उन्नीस सौ निन्यानब्बे से दो हजार चार तक उन्होंने अपना पूर्ण कार्यकाल पूरा किया। वर्ष दो हजार पन्द्रह में उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर दिल्ली में उनके स्मारक 'सदैव अटल' पर पुष्पांजलि अर्पित की।

<><><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय ने रेज़िंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस–आरएएमपी पर्यटन पहल 2026–27 के तहत लाभ प्राप्त करने के इच्छुक एमएसएमई, होमस्टे मालिकों और व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह योजना गुणवत्तापूर्ण एवं टिकाऊ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए द्वीप समूह में होमस्टे कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण, प्रमाणन और एक्सपोजर कार्यक्रम के अलावा एस्ट्रो–टूरिज्म उपकरण खरीद के लिए एमएसएमई सहायता के माध्यम से द्वीपसमूह में एस्ट्रो–टूरिज्म को बढ़ावा देगा। इसके लिए निर्धारित आवेदन पत्र, आवश्यक दस्तावेजों की सूची और संपूर्ण दिशा–निर्देश ई–राजपत्र पोर्टल पर उपलब्ध है। इस संबंध में, लाभार्थियों की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग एक पंजीकरण एवं सुविधा शिविर आयोजित करेगा। सहमति पत्र निर्धारित प्रारूप में 20 अगस्त को शाम 5 बजे तक निदेशालय के योजना अनुभाग में जमा किया जा सकता है।

<><><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए स्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त पड़ी कुछ सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी उन्नीस अगस्त को सुबह नौ बजे से अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित विभागों में संपर्क कर सकते हैं। जो विद्यार्थी पहले आवेदन नहीं कर सके और जिन्होंने कंपार्टमेंट की परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे भी सीधा प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न 9 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन सत्रह अगस्त तक ऑफलाइन माध्यम से संबंधित विभागों में जमा किए जा सकते हैं। अस्थाई वरीयता सूची उन्नीस अगस्त को जारी की जाएगी। दावे और आपत्तियां बीस अगस्त तक, अंतिम वरीयता सूची का प्रकाशन इक्कीस अगस्त, परामर्श बाईस अगस्त को और नियमित कक्षाएं चौबीस अगस्त से शुरू होंगी।

<><><><><><><><>